संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला २०२५ में प्रतिभागिता
(२९ से ३० मार्च २०२५)

भा वा अ शि प उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर, मध्य प्रदेश ने दो दिवसीय (२९ से ३० मार्च२०२५) संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला २०२५* में प्रतिभागी बने। दो दिवसीय इस मेले में संस्थान के अलावा कुल ५० संस्थाओ ने शिरकत की। मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों में मिलेट्स एवं इसके उत्पाद को बढ़ावा देना एवं इसके प्रसंस्करण के द्वारा कृषकों को अतिरिक्त आय का सृजन करना। साथ ही कृषक व्यापारी एवं उपभोक्ताओं को एक साथ विचार विमर्श कर मिलेटस फसलों के उत्पादों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना है। संस्थान द्वारा इन फसलों पर आधारित कृषि वानिकी मॉडल के द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है।मेले के प्रथम दिन लगभग १००० से अधिक किसान बंधु एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने विभिन्न संस्थानों के स्टॉल पर भ्रमण किया। संस्थान के श्रीमती नीलू सिंह, वैज्ञानिक जी एवं समूह समन्वयक, अनुसंधान, डा ननीता बेरी,प्रभागाध्यक्ष,वन विस्तार, अल्फ्रेड फ्रांसिस, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, मनोज जोशी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, शैलेन्द्र कुमार चंदेली, पुस्तकालय सूचना सहायक,सुमित ठाकुर,तकनीकी सहायक,हर्षित, राघवेंद्र मेहरा, एम टी एस एवं निखिल एवं प्रदीप का विशेष सहयोग प्रदान किया।